हरिभूमि

# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि

रोहतक, बुधवार, 10 दिसंबर 2025



11 डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसिएशन की मीटिंग...





12 एसआर सेंचुरी स्कूल में चल रहे खेल सप्ताह में...




## खबर संक्षेप

### 17 को होगी नगर परिषद की बैठक

**बहादुरगढ़।** लंबे इंतजार के बाद नगर परिषद बहादुरगढ़ की आम बैठक का आयोजन बुधवार 17 दिसंबर को किया जाएगा। चेयरपर्सन सरोज राठी की अध्यक्षता में होने वाली बैठक में करीब 30 करोड़ रुपए लागत के 52 विकास कार्यों को मंजूरी के लिए सदन के समक्ष रखा जाएगा। इसके साथ ही 47 कॉलोनी के नियमितीकरण का प्रस्ताव भी रखा गया है। नगर परिषद में 5 हैवी ड्राइवरों के पद स्वीकृत करने, तकनीकी शाखा के लिए अतिरिक्त गाड़ी हायर करने, गौ माता को नगर माता का दर्जा देने बारे भी प्रस्ताव सदन के समक्ष रखे जाएंगे।

### अवैध हथियार सहित गिरफ्तार, केस दर्ज

**बहादुरगढ़।** मांडोठी चौकी पुलिस ने अवैध हथियार सहित एक युवक को गिरफ्तार किया है। छारा बाईपास से काबू किए गए आरोपी की पहचन अजय के रूप में हुई है। अजय के पास देशी रिवाल्वर व एक कारतूस बरामद हुआ। आरोपी के खिलाफ आसौदा थाने में केस दर्ज कर पूछताछ की जा रही है।

### हादसे में बाइक सवार घायल, पीजीआई रेफर

**बहादुरगढ़।** छारा-मातन मार्ग पर सड़क हादसे में एक बाइक सवार घायल हो गया। घायल को पीजीआई रोहतक में भर्ती कराया गया है। उसकी हालत गंभीर है। घायल की पहचान करीब 40 वर्षीय जयबीर के रूप में हुई है। सात दिसंबर की दोपहर को जयबीर बाइक पर सवार होकर कहीं से आ रहा था। छारा- मातन मार्ग पर वह किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया। राहगीरों ने उसको संभाला और अस्पताल ले गए। जहां से पीजीआई रोहतक रेफर किया गया। पुलिस सूचना पाकर पीजीआई पहुंची लेकिन घायल बयान देने की स्थिति में नहीं था। भाई संदीप के बयान पर अब पुलिस ने अज्ञात वाहन पर केस दर्ज कर जांच शुरू की है।

### आज होगा लॉन टेनिस चैम्पियनशिप ट्रायल

**झज्जर।** अखिल भारतीय सिविल सेवा लॉन टेनिस चैम्पियनशिप 2025-26 का आयोजन 16 दिसंबर से 22 दिसंबर तक गुजरात के गांधीनगर में होगा। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों के ट्रायल बुधवार 10 दिसंबर को पंचकूला में किया जाएगा। जिला खेल अधिकारी सतेंद्र कुमार ने बताया कि ट्रायल के खर्चे प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों के विभाग वहन करेंगे। सभी विभागाध्यक्ष अपने विभाग कार्यालय, जिला के उत्कृष्ट खिलाड़ियों को चयन प्रक्रिया के ट्रायल के लिए विशेष खेल अवकाश तथा अन्य सुविधाएं देना सुनिश्चित करेंगे।

**मुसीबत: मंगलवार को मरीजों का आंकड़ा बेहद कम रहा, परेशानी झेलनी पड़ी**

# हड़ताल से ऑपरेशन, अल्ट्रासाउंड सहित अन्य जांचें रहीं प्रभावित

■ सीधी एसएमओ भर्ती के विरोध और अन्य मांगों को लेकर डाक्टरों का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

सीधी एसएमओ भर्ती के विरोध तथा अन्य मांगों को लेकर दूसरे दिन भी सरकारी अस्पताल के चिकित्सकों की हड़ताल जारी रही। सोमवार की अपेक्षा मंगलवार को अस्पताल में बेशक मरीज कम आए लेकिन कुछ अन्य चिकित्सक भी हड़ताल पर रहे। हालांकि अस्पताल में वैकल्पिक व्यवस्था की गई थी लेकिन अल्ट्रासाउंड, ऑपरेशन सहित कई जांच सेवाएं पूरी तरह से प्रभावित नजर आई।




बहादुरगढ़। अस्पताल में एक वार्ड के बाहर खड़े मरीज।

### बहादुरगढ़: हर रोज 1200 से 1500 मरीज आते हैं

दरअसल, अस्पताल में हर रोज 1200 से 1500 मरीज आते हैं। सोमवार को लगभग साढ़े 1250 मरीजों की एंट्री अस्पताल के रिकार्ड में दर्ज हुई थी। जबकि मंगलवार को यह आंकड़ा बेहद कम रहा। दूसरे दिन भी हड़ताल की सूचना होने के कारण दोपहर दो बजे तक लगभग साढ़े 700 मरीजों की ही एंट्री अस्पताल में दर्ज हो सकी। यही वजह रही कि अस्पताल परिसर के तमाम वार्डों में अन्य दिनों की अपेक्षा भीड़भाड़ नहीं दिखने को मिली। शिशु रोग, नेत्र जांच विभाग, इमरजेंसी, व लैब आदि में ही ज्यादातर मरीज देखे गए। हड़ताल के चलते हालात न बिगड़े इसलिए सुरक्षा की दृष्टि से पूरे परिसर में पुलिस कर्मचारी तैनात रहे। बहादुरगढ़ में प्रशासनिक काम में लगे चिकित्सकों को छोड़ दें तो अन्य काफी चिकित्सक हड़ताल पर हैं। मंगलवार को वे कुछ डॉक्टर भी हड़ताल में शामिल हो गए, जो सोमवार को काम पर थे। विशेषज्ञ चिकित्सकों की हड़ताल से मरीजों को परेशानी झेलनी पड़ी। अल्ट्रासाउंड, ईएनटी सहित कई विभागों में मरीजों को दिक्कतें झेलनी पड़ी।

### एसटीपी के कार्य में गड़बड़ी मिली

वहीं, हड़ताली चिकित्सक अस्पताल में नजर जरूर आए लेकिन उन्होंने काम काज नहीं संभाला। उनकी कुर्सियां खाली रहीं और वे अपनी मांग पर अड़े रहे। उन्होंने तर्क दिया कि वे हड़ताल नहीं चाहते लेकिन उन्हें मजबूर किया गया है। उनकी मांग जायज है। हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसेज एसोसिएशन के जिला महासचिव डॉ. पीयूष ने कहा कि सरकार एसएमओ की सीधी भर्ती न करें और नियमों में बदलाव करे। साथ ही मोडिफाइड एसीपी स्ट्रक्चर लागू करे। पहले जब आंदोलन किया तो सरकार ने आश्वासन दिया लेकिन आश्वासन पूरा नहीं किया। अभी दो दिन की हड़ताल है। आगे जैसे भी स्टेट एक्शन कमेटी कॉल करेगी, उस आधार पर आगामी कदम उठाएंगे। उन्होंने कहा कि अभी तक हमें सरकार की ओर से कोई आश्वासन नहीं मिला है।



बहादुरगढ़। हड़ताल के चलते डॉक्टर की खाली कुर्सी।

# पीजीआई और वर्ल्ड कॉलेज के चिकित्सकों ने दीं सेवाएं

**स्टेड बॉडी के आह्वान पर अनिश्चितकालीन हड़ताल का ऐलान**



झज्जर। नागरिक अस्पताल में ओपीडी गैलरी में लगी मरीजों की भीड़।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

लंबित मांगों को लेकर जिले के सरकारी चिकित्सकों का सामूहिक अवकाश मंगलवार को भी जारी रहा। एचसीएमएस एसोशिएशन के आह्वान पर की गई इस हड़ताल के दौरान पहले दिन की तरह पीजीआई रोहतक व वर्ल्ड कॉलेज के चिकित्सकों ने ओपीडी सेवाएं संभाली। पूर्व सूचना होने के कारण अस्पताल में आने वाले लोगों की संख्या ना मात्र रही। स्थानीय नागरिक अस्पताल में दोपहर तक स्त्री रोगों से संबंधित 123 तथा अन्य रोगों की ओपीडी से संबंधित 233 लोगों ने ओपीडी स्लिप कटवाई। ओपीडी स्लिप कटवा कर पहुंचे लोगों का उपचार आम दिनों की तरह किया गया। महिला रोग, बाल रोग, मेडिसन, आर्थो, टीकाकरण आदि ओपीडी में ट्रेनी चिकित्सकों की ड्यूटी लगाए जाने के कारण लोगों को अधिक परेशानी नहीं आई। इसके अलावा एमरजेंसी वार्ड में अधिकांश बेड खाली रहे।

### अनिश्चितकालीन हड़ताल में तबदील सामूहिक अवकाश

एचसीएमएस एसोसिएशन के संयुक्त सचिव डॉक्टर रितेश सांगवान ने बताया कि उनकी मुख्य मांगों में डायरेक्ट एसएमओ की डायरेक्ट भर्ती पर रोक लगाना तथा एसीपी लागू करने की मांग शामिल है। सीएम की स्वीकृति के बाद भी उसे अब तक लागू नहीं किया गया। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा उनकी कोई सुध न लेने के चलते अब एसोसिएशन की स्टेट बॉडी के आह्वान पर अनिश्चितकालीन हड़ताल की जाएगी। बता दें कि जिले में 186 डॉक्टर में से 175 द्वारा सामूहिक अवकाश लिया गया था। स्थानीय नागरिक अस्पताल में कार्यरत 40 चिकित्सकों में से 39 चिकित्सक हड़ताल पर हैं।

### अस्पताल प्रशासन की ओर से की गई पर्याप्त व्यवस्था



झज्जर। पट्टी कक्ष के बाहर व्यक्ति के पांव की पट्टी करते कर्मचारी।

विभागीय जानकारी के अनुसार जिले में 201 चिकित्सक रेगुलर हैं जिनमें से 130 गैर हाजिर रहे। स्थानीय अस्पताल में नियमित 33 चिकित्सकों में 29 हड़ताल पर रहे जिनमें से एक चिकित्सक डेपुटेशन पर हैं और तीन चिकित्सक पहले से ही अवकाश पर हैं। इस दौरान अस्पताल प्रशासन की ओर से उप सिविल सर्जन डॉक्टर टीएस बागड़ी को जिम्मेवारीं सौंपी गई। इनके अलावा डॉक्टर नरेश, डॉक्टर अजय सिंगला, डॉक्टर यशपाल, डॉक्टर गुरजीत व नेत्र रोग विशेषज्ञा डॉक्टर मीनू को प्रशासक टीम में शामिल किया गया। इस दौरान पीजीआई से 40 और वर्ल्ड मेडिकल कॉलेज के 6 चिकित्सकों ने ड्यूटी निभाई।

# अब छारा के खेल मैदान में लगे पुराने बास्केट पोल हटाए जा रहे

■ संसाधनों को दुरुस्त करने के बजाय हटाने पर जोर दे रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

बास्केट पोल गिरने से दो युवा खिलाड़ियों की मौत के बाद संसाधनों को दुरुस्त करने के बजाय हटाने पर जोर दिया जा रहा है। यहां ब्रिगेडियर होशियार सिंह स्टेडियम से तो बास्केट पोल हटाए ही थे, अब छारा गांव में भी स्कूल के मैदान में लगे पुराने बास्केट पोल काटकर हटा दिए गए हैं। सुरक्षा के नजरिये से यह कदम उठाए जाने की बात सामने आई है। सुबह जब युवा अभ्यास के लिए मैदान में गए तो मामले पर पता चला। गांव के लोगों ने घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कुछ दिन पहले मैदान में एक पोल गिरा हुआ मिला तो अब दूसरा गिरा हुआ था। खेल हो या शिक्षा विभाग, मैदानों में संसाधन बढ़ने चाहिए। छारा निवासी एवं ब्लॉक पार्षद आर्य प्रमोद ने कहा कि उन्हें स्कूल से जानकारी मिली कि ये पोल पुराने हो गए थे। इसलिए इन्हें सुरक्षा की दृष्टि से हटाया गया है। प्रदेश में हादसे में दो होनहार खिलाड़ी चले गए। कायदे से तो उन हादसों से सबक लेते हुए संसाधनों को दुरुस्त कराना चाहिए। जो पोल खरा हो चुके हैं, उन्हें बदलना चाहिए। इस तरह से काटकर हटाना समझ से परे है। हालांकि यहां बास्केट का एक अन्य कोर्ट भी है। उम्मीद है कि हटाए गए पोलों की जगह कुछ नई व्यवस्था होगी।



बहादुरगढ़। छारा में बास्केट कोर्ट से हटाया गया पोल। *फोटो : हरिभूमि*

# पार्क में क्षतिग्रस्त झूलों और जिम मशीनों को दुरुस्त करने की मांग

■ आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

भाजपा नेता जसबीर सैनी ने वार्ड नंबर-14 के अंतर्गत सेक्टर-9ए में शिव शक्ति मंदिर वाले पार्क में क्षतिग्रस्त झूलों व ओपन जिम मशीनों को दुरुस्त करने की मांग की है।

इनके कारण आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हादसा होने की आशंका बनी रहती है। उन्होंने अधिकारियों से इन्हे ठीक करवाने और नए झूले व मशीन लगवाने का आग्रह किया। इसके अलावा पार्कों की सुध लेने की जरूरत है। इस अवसर पर पुनीत प्रधान, राम सिंह, कृष्ण, ललित, मनीष जोशी, हरीश व नितिन आदि मौजूद रहे।



बहादुरगढ़। पार्क में लगे क्षतिग्रस्त झूले दिखाते जसबीर सैनी। *फोटो : हरिभूमि*

### 445 ग्राम चरस सहित पकड़ा युवक, एक दिन के पुलिस रिमांड पर

**गुप्त सूचना पर कार्रवाई**

**झज्जर।** एसटीएफ की एक टीम द्वारा मादक पदार्थ चरस सहित एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। स्पेशल स्टाफ प्रभारी उप-निरीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि विजय निवासी हसनपुर नशीला पदार्थ लिए हुए उसे बेचने की फिराक में है। जिस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने मौके पर पहुंच और आरोपी विजय को पकड़ा। पकड़े गए युवक की नियमानुसार तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 445 ग्राम चरस बरामद हुई। आरोपी के खिलाफ नियमानुसार मामला दर्ज करते हुए स्थानीय अदालत में पेश किया गया। जहां से आरोपी को पूछताछ के लिए एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

**चर्चा** | **संयुक्त राष्ट्र महासभा की ओर से पेरिस में10 दिसंबर 1948 को पहली बार प्रावधान किया गया**

# अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस आज: बुद्धिजीवियों के अनुसार मानवाधिकार शिक्षण को प्राथमिकता देना समय की आवश्यकता

**हरिभूमि प्रतिनिधि रवींद्र राठी से चर्चा के दौरान बुद्धिजीवी वर्ग ने रखे अपने विचार**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

■ प्रत्येक लोकतांत्रिक राष्ट्र अपनी जनता को मौलिक अधिकार देते है : शिक्षाविद् शैलजा जून



आज का दिन अंतरराष्ट्रीय महत्व का दिन है, संयुक्त राष्ट्र महासभा की ओर से पेरिस में 10 दिसंबर 1948 को पहली बार मौलिक मानवाधिकारों को सार्वभौमिक रूप से संरक्षित करने का प्रावधान किया गया। तब से ही 10 दिसंबर को अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस मनाया जाता है। हरिभूमि प्रतिनिधि रवींद्र राठी से चर्चा के दौरान बुद्धिजीवी वर्ग ने मानवाधिकार के सामाजिक, आर्थिक और विधिक तीनों पक्षों को प्रभावशाली बनाने पर जोर दिया। शिक्षाविद् शैलजा जून ने कहा कि प्रत्येक लोकतांत्रिक राष्ट्र अपनी जनता को मौलिक अधिकार देते है और हर नागरिक का कर्तव्य है कि उन अधिकार का हनन नहीं करे। कन्या भ्रूण हत्या, बच्चियों को नहीं पढ़ाना जैसी परम्परा मानवाधिकार का हनन है। प्रत्येक बच्चे को शिक्षा का अधिकार है। अगर किसी बच्चे को शिक्षा प्राप्त करने से रोक जाए या बाल श्रम पर रोक के बावजूद बाल श्रम कराना मानवाधिकार का उल्लंघन है।

### जन-जागरूकता की जरूरत: डॉ. मनवीर



डॉ. मनवीर छिल्लर ने बताया कि मानवाधिकार को व्यवहार में ढालने के लिए व्यापक जन-जागरूकता की जरूरत है। छात्र जीवन से ही मानवाधिकार की अवधारणा को आचरण में ढालने के लिए विद्यार्थियों को जागरूक किया जाना चाहिए। सामंतशाही मानसिकता से उभरने के लिए मानवाधिकार शिक्षण अत्यंत आवश्यक है। सभी को मानवाधिकारों के प्रति जागरूक रहने के साथ ही दूसरों के अधिकारों का सम्मान करना चाहिए।

### पर्यावरण को भी इस दायरे में लाने की जरूरत : रवींद्र शर्मा



रॉबिनहुड आर्मी से जुड़े रवींद्र शर्मा के अनुसार मानवाधिकार को मानवीय संवेदना से जोड़ने के साथ पर्यावरण को भी इस दायरे में लाने की जरूरत है। आज व्यक्ति अपने नीहित स्वार्थों के कारण प्रकृति का निरंतर दोहन करते जा रहा है। प्रकृति बचेगी तभी मानव सभ्यता बचेगी। मानवाधिकारों को शैक्षणिक पाठ्यक्रमों में जोड़ने की जरूरत है, जिससे आने वाली पीढ़ी को अपने अधिकारों के प्रति सजग किया जा सके।

### मानव मात्र को प्राप्त होने वाले अधिकार को समझना होगा : रोली पाठक



अधिवक्ता रोली पाठक के अनुसार मानवाधिकार प्रत्येक व्यक्ति को स्वतंत्र और गरिमामय जीवन जीने का अवसर प्रदान करते हैं। मानवाधिकार समाज की आधारशिला हैं। इनके संरक्षण और संवर्धन के बिना किसी भी समाज का समुचित विकास संभव नहीं है। साथ ही उन्होंने कहा कि हमें मानव मात्र को प्राप्त होने वाले अधिकार को समझना होगा एवं उसका समुचित ढंग से प्रयोग भी करना होगा, तभी इस दिवस को मनाने की सार्थकता सिद्ध होगी।


झज्जर का पहला इंटरनेशनल एजुकेशन ब्रांड
PACE GROUP OF INSTITUTIONS
Contact us : 7419888021, 22, 23, 24, 25, 26, 27, 28, 20
WE ARE HIRING For Session-2026-27
Principal/Vice-Principal & Academic Coordinator — Minimum 5 years Exp. of CBSE (Each 2)
EXPERT — For All Subject( Physics, Chemistry, Biology Math) (NEET & IIT Level ) CA & CLAT EXPERT Minimum 8 years Exp. of CBSE
PGT — For All Subject (English, Hindi, Math, S.S, Physics, Chemistry, Biology , Business Studies, Economics, Accounts, Physical Education, History, Political Science, Geography) Minimum 5 years Exp. of CBSE
TGT, PRT & NTT — For All Subject (English,Hindi, Math, Science, Social Science, Gk, Reasoning)
OTHER — Dance Teacher, Art & Craft, Music Teacher, D.P., English Spoken Teacher,Driver,Conductors,Security Guard,Peon
Interview Date : 14TH DECEMBER-2025
Timing: 09:00 am to 02:00 pm
Send Your Resume To: pacejjr@gmail.com
7419888021, 22, 23, 24, 25
VENUE: PACE IIT & MEDICAL JHAJJAR
Near Savera School, Arya Nagar, Jhajjar



# बॉर्डर 2 से सामने आया अहान का दमदार पोस्टर

**मुंबई।** देशभक्ति पर आधारित 'बॉर्डर 2' का पिछले काफी समय से फैंस को इंतजार है। सनी देओल, दिलजीत दोसांझ, अहान शेट्टी, वरुण धवन स्टारर इस फिल्म से अब अभिनेता अहान शेट्टी का पोस्टर सामने आ गया है। अहान ने पोस्टर शेयर करते हुए लिखा है- 'धरती हो या समंदर। धरती मां का हर बेटा ही कसम निभाता है।' बॉर्डर 2 सिनेमाघरों में 23 जनवरी 2026 को आ रही है। पोस्टर में अहान शेट्टी का दमदार लुक नजर आ रहा है। चेहरे पर उभरे चोट के निशान, गाल पर खून की धार और आंखों में झलकती दृढ़ता उनकी भूमिका को बेहद प्रभावशाली बना रही है।

लाइफ Style

# सारा

## यह सफर आशीर्वाद से कम नहीं

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री सारा अर्जुन ने रणवीर सिंह के साथ फिल्म 'धुरंधर' में बतौर लीड एक्ट्रेस डेब्यू किया है। उनके अभिनय की काफी तारीफ हो रही है। फिल्म में उन्होंने यमाली (राकेश बेदी) की बेटी एलीना का किरदार अदा किया है। उनके अभिनय और खूबसूरती ने दर्शकों को काफी प्रभावित किया है।

सारा ने फिल्म में काम करने का श्रेय कास्टिंग डायरेक्टर मुकेश छाबड़ा को देते हुए उनका शुक्रिया अदा किया है। सारा अर्जुन ने मंगलवार को इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने मुकेश छाबड़ा के साथ अपनी एक फोटो शेयर करते हुए एक लंबा नोट लिखा है। वे लिखती हैं, 'यह पोस्ट उस शख्स के लिए, जिसने मेरी जिंदगी का रास्ता बदल दिया। मेरे प्यारे मुकेश सर, कभी-कभी जिंदगी धीरे से पिता के साथ-साथ आपके रास्ते में एक और गाइड करने वाली मौजूदगी लाती है। कोई ऐसा जिसका विश्वास आपकी अपनी जड़ों की जगह नहीं लेता, बल्कि चुपचाप उन्हें मजबूत करता है। मेरे लिए, वह मौजूदगी आप हैं। आपने दुनिया को पता चलने से पहले ही मुझ पर इतना यकीन किया। चुपचाप किए गए आपके उस यकीन ने सब कुछ बदल दिया'। सारा ने आगे लिखा है, 'हर बार जब 'धुरंधर' की कास्टिंग की तारीफ होती है, तो मुझे बहुत गर्व होता है, क्योंकि आपकी समझ, आपके विजन और आपके दिल ने उस जादू को बनाया। मुझमें एलीना को देखने के लिए धन्यवाद। उन पलों में मेरी हिम्मत बनाए रखने के लिए धन्यवाद, जिनका नाम मुझे कभी नहीं लेना पड़ा। विज्ञापन से लेकर 'धुरंधर' तक, यह सफर किसी आशीर्वाद से कम नहीं लगता'।



हॉलीवुड मसाला



# विलेन के रोल में किया कमाल

**नई दिल्ली।** किसी भी फिल्म में एक हीरो से ज्यादा उसका विलेन का किरदार दमदार चुना जाता है। आजकल की फिल्में तो विलेन से ही हिट हो रही हैं। यही वजह है कि अब हीरो भी विलेन बनने से नहीं कतरा रहे हैं। अगर थोड़ा हॉलीवुड में झांके तो एक नाम है एक्टर डेविड प्राउज का, जो कि एक ब्रिटिश एक्टर हैं। जिस फिल्म में भी इन्होंने काम किया है, बहुत कमाल किया है। एक फिल्म में तो उनके कैरेक्टर ने करिश्मा ही कर दिखाया था। पूरी फिल्म में इनका चेहरा सामने नहीं आया और ना ही उनकी आवाज सुनने को मिली, लेकिन उनके इस विलेन रोल ने 'डार्थ वाडर' को यादगार बना दिया।



# बेटी के हाथों बने स्केच को देख हुई भावुक...

**लॉस एंजिल्स।** दुनियाभर में अपनी पहचान बना चुकीं प्रियंका चोपड़ा जोनस ना सिर्फ प्रोफेशनल लाइफ में बल्कि पर्सनल लाइफ में काफी सुर्खियां बटोरती हैं। प्रियंका ने मालती द्वारा बनाया हुआ एक स्केच फैंस के साथ साझा किया। साथ ही प्रियंका ने बताया कि वो स्केच को देखकर काफी भावुक हो गईं। प्रियंका ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर यह स्केच शेयर किया। तस्वीर में मालती अपने नन्हे हाथों से बना एक स्केच पकड़े नजर आ रही है, जिसमें एक महिला अपने बच्चे को बाहों में थामे दिख रही है। इस स्केच के साथ कैप्शन में प्रियंका ने लिखा- मां ने तुम्हे पकड़ा हुआ है। इसी के साथ ही देसी गर्ल ने इमोशनल इमोजी भी बनाया। प्रियंका और निक जोनस हमेशा अपनी बेटी को अमेरिकी और भारतीय दोनों संस्कृतियों का अनुभव कराते रहते हैं।



# वी. शांताराम में जयश्री का निभाएंगी किरदार


**मुंबई।** फिल्ममेकर वी. शांताराम की बायोपिक फिल्म से अब सिद्धांत चतुर्वेदी के बाद फिल्म की अभिनेत्री तमन्ना भाटिया की भी पहली झलक सामने आई है। मेकर्स ने तमन्ना भाटिया का फर्स्ट लुक पोस्टर जारी किया है। फिल्म में तमन्ना जयश्री का किरदार निभा रही हैं। पोस्टर में तमन्ना का विंटेज लुक देखने को मिल रहा है। इस पोस्टर में तमन्ना बेबी पिंक कलर की साड़ी में नजर आ रही हैं। उनके पीछे बैकग्राउंड में हरा पर्दा और घास नजर आ रही है, जो संभवतः किसी फिल्म का सेट मालूम पड़ता है। इससे पहले फिल्म से सिद्धांत चतुर्वेदी का लुक सामने आया था। सिद्धांत फिल्म में वी. शांताराम का किरदार निभा रहे हैं। उनके पोस्टर को जारी करते हुए मेकर्स ने लिखा था, 'भारतीय सिनेमा को नया रूप देने वाला रिबेल अब वहीं लौट आया है, जहां उसे होना चाहिए था - बड़े पर्दे पर।'



# वध-2 के पोस्टर में छाए नीना-संजय

**मुंबई।** संजय मिश्रा और नीना गुप्ता एक बार फिर वध 2 के साथ लौट रहे हैं, जिसे जसपाल सिंह संधू ने लिखा और निर्देशित किया है। साल 2026 की सबसे चर्चित फिल्मों में तेजी से जगह बना रही है. लव रंजन और अंकुर गर्ग की लव फिल्म्स के बैनर तले बनी यह स्पिरिचुअल सीक्वल, वध की आत्मा को बरकरार रखते हुए एक नई कहानी में इन दिग्गज कलाकारों को नए किरदारों में पेश करती है। पोस्टर शेयर करते हुए मेकर्स ने कैप्शन में लिखा, 'कभी-कभी जो दिखता है, वही पूरी सच्चाई नहीं होता! वध 2 सिनेमाघरों में 6 फरवरी 2026 से। दमदार लीड जोड़ी को दर्शाते इन आकर्षक पोस्टर्स ने दर्शकों को एक प्रभावशाली सिनेमाई अनुभव का अहसास पहले से ही करा दिया है। यह भी दिलचस्प है कि नए पोस्टर्स 9 दिसंबर 2025 को ही रिलीज़ किए गए।

टीवी मसाला



# बाबूजी से ऊंची आवाज में पूछा सवाल, तकिए के नीचे मिला जवाब

**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन और उनके पिता हरिवंश राय बच्चन का रिश्ता बेहद गहरा, सम्मानपूर्ण और अनोखा था। पिता के किस्सों में अक्सर उन्होंने ये बताने की कोशिश की कि वह कितने सख्त और अनुशासनप्रिय थे, लेकिन प्यार भी उतना ही बेइंतहा था। अमिताभ उन्हें 'बाबूजी'कहकर पुकारते थे और उनकी हर बात को अंतिम मानते थे। 'कौन बनेगा करोड़पति'के सेट पर अमिताभ बच्चन ने हाल ही में पिता से जुड़ा एक ऐसा पुराना किस्सा सुनाया कि पूरा स्टूडियो हंसते-हंसते लोटपोट हो गया। मेगा स्टार ने खुलासा किया कि जिंदगी में सिर्फ एक बार उन्होंने अपने पिता, महान कवि हरिवंश राय बच्चन से ऊंची आवाज उठाई थी और पूछ डाला था 'हमें आपने पैदा क्यों किया?''कौन बनेगा करोड़पति' के सेट पर मेहमान आमिर खान के सामने उन्होंने जिंदगी के उस एकमात्र पल को याद किया, जब उन्होंने अपने पिता के सामने आवाज उठाई थी। अमिताभ ने बताया कि वो दिन कॉलेज के शुरुआती थे। बोर्डिंग स्कूल की सख्त जिंदगी के बाद अचानक आजादी मिली थी। दुनिया बहुत जटिल लगने लगी थी। घर लौटकर एक शाम गुस्से में उन्होंने बाबूजी से ये सवाल दाग दिया। अमिताभ बच्चन ने बताया कि ये सवाल सुनने के बाद हरिवंश राय बच्चन उस वक्त कुछ नहीं कहा, न कोई गुस्सा, न डांट, बिल्कुल खामोश और रोज की तरह सुबह 4-5 बजे अपनी रोज की सैर पर निकल गए। जब अमिताभ सुबह उठे तो तकिए के नीचे एक तह किया हुआ कागज मिला। उस पर पिता ने पूरी कविता लिखी थी। उस कवीता का शीर्षक था 'नई लीख। बिग बी ने उस कविता का एक अंश उन्होंने पढ़कर सुनाया- 'जिंदगी और जमाने की कशमकश से घबराकर, मेरे लड़के मुझसे पूछते हैं, हमें पैदा क्यों किया था? तुम ही नई लीख धरना, अपने बेटों से पूछकर उन्हें पैदा करना।'

## एक टीवी शो से चमक गई किस्मत



**नई दिल्ली।** हसीना छोटी उम्र से परफॉर्मर हैं। एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में उनकी शानदार स्क्रीन प्रजेंस के साथ उनकी तरक्की वाकई काबिल-ए-तारीफ है। हम बात कर रहे हैं सुमोना चक्रवर्ती की, जिन्होंने 'द कपिल शर्मा शो' में अपनी आइकॉनिक मौजूदगी से करोड़ों दिल जीते। सुमोना ने 11 साल की उम्र में आमिर खान और मनीषा कोइराला की 'मन' में चाइल्ड आर्टिस्ट के तौर पर एक्टिंग की शुरुआत की थी। सुमोना ने कुछ साल बाद कई शोज में काम किया और 2011 में हिट सीरीज 'बड़े अच्छे लगते हैं' से उन्हें बड़ी पहचान मिली। टीवी के अलावा सुमोना ने 'बर्फी!' और 'किक' जैसी फिल्मों में भी कैमियो किया, जिसमें उन्होंने छोटे रोल में भी अपनी रेंज दिखाई। सुमोना का सबसे यादगार किरदार कपिल शर्मा की ऑन-स्क्रीन पार्टनर के रूप में है, जिसमें उन्होंने अपनी तेज-तर्रार हाजिरजवाबी और मजेदार जवाबों से सबका दिल जीत लिया।

# एक-दूसरे की आंखों में खोए शबाना और जावेद

**मुंबई।** अभिनेत्री शबाना आजमी और दिग्गज गीतकार जावेद अख्तर बॉलीवुड की एक ऐसी जोड़ी हैं, जो उम्र के इस पड़ाव पर भी एक-दूसरे पर प्यार लुटाने का कोई मौका नहीं छोड़ते। दोनों की शादी को 41 साल हो गए हैं। मंगलवार को कपल अपनी शादी की 41वीं सालगिरह मनाया। इस मौके पर शबाना आजमी ने जावेद अख्तर के साथ एक खूबसूरत तस्वीर साझा की है। इस तस्वीर में कपल एक-दूसरे की आंखों में खोए नजर आ रहे हैं। तस्वीर को शेयर करते हुए शबाना आजमी ने कैप्शन में लिखा है, '41 साल की शादी के बाद एक-दूसरे को इतनी कोमलता से देख पाना ही सब कुछ कह देता है। हैप्पी एनिवर्सरी जादू।' दोनों की ये तस्वीर फैंस को काफी पसंद आ रही है। शबाना आजमी और जावेद अख्तर की इस तस्वीर पर एक ओर जहां फैंस अपना प्यार लुटा रहे हैं। वहीं, दूसरी ओर कई सेलेब्स भी इस पर कमेंट करके कपल को शादी की सालगिरह की शुभकामनाएं दे रहे हैं।



अभिनेत्री विद्या बालन ने जहां कमेंट कर, 'सालगिरह मुबारक हो' लिखा। वहीं, अभिनेता अनिल कपूर ने तीन रेड हार्ट इमोजी बनाए हैं। इसके अलावा उर्मिला मातोंडकर, दीया मिर्जा, सोनी राजदान, संध्या मृदुल, अभय देओल और मियांग चैंग ने भी कपल की इस खूबसूरत तस्वीर पर प्यार लुटाया है। वर्कफ्रंट की बात करें तो शबाना आजमी अभी भी फिल्मों में एक्टिव हैं। अभिनेत्री आखिरी बार इसी साल रिलीज हुई वेब सीरीज 'डब्बा कार्टेल' में नजर आई थीं। यह सीरीज महिलाओं के ऐसे समूह पर आधारित थी, जो खाने के डब्बों में रखकर ड्रग सप्लाई करती हैं। सीरीज को दर्शकों और क्रिटिक्स की अच्छी प्रतिक्रिया मिली थी।

# 83वें गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड की नॉमिनेशन लिस्ट जारी

**मुंबई।** अगले साल की शुरुआत में गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड्स का शानदार इवेंट होने वाला है। 11 जनवरी को यह अवॉर्ड अलग-अलग कैटेगरी में दिए जाएंगे। इस अवॉर्ड इवेंट को कॉमेडियन निक्की ग्लेसर होस्ट करेंगी। वह लगातार दूसरे साल इस अवॉर्ड फंक्शन को होस्ट कर रही हैं। 8 दिसंबर को गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड की नॉमिनेशन लिस्ट जारी की गई है।

## अलग-अलग कैटेगरी में हुआ फिल्मों का नॉमिनेशन

बेस्ट मोशन पिक्चर-ड्रामा कैटेगरी में फ्रैंकनस्टाइन, हैमनेट, इट वाज जस्ट एन एक्सीडेंट, द सीक्रेट एजेंट, सेंटिमेंटल वैल्यू, सिनर्स जैसी फिल्में शामिल हैं। वहीं बेस्ट मोशन पिक्चर, म्यूजिकल और कॉमेडी कैटेगरी में ब्लू मून, बुगोनिया, मार्टी सुप्रीम, नो अदर चॉइस, नोवेल वेग और वन बैटल आफ्टर अनदर शामिल रहीं।

## कॉमेडी कैटेगरी

इसी तरह मोशन पिक्चर की म्यूजिकल और कॉमेडी कैटेगरी में बेस्ट एक्ट्रेस के तौर पर रोज बर्न का



नॉमिनेशन हुआ, उन्होंने फिल्म 'इफ आई हेड लेग्स आई किक यू' में दमदार अभिनय किया है। इसी कैटेगरी में विकेडः फॉर गुड के लिए सिंथिया एरिवो, सॉन्ग संग ब्लू के लिए केट हडसन, वन बैटल आफ्टर अनदर के लिए चेस इनफिनिटी, द टेस्टामेंट ऑफ एन ली के लिए अमांडा सेफ्राइड और बुगोनिया के लिए एमा स्टोन का नाम शामिल है। वहीं, म्यूजिकल और कॉमेडी मोशन पिक्चर केटेगरी में ही बेस्ट एक्टर के तौर पर कई लोगों के शामिल हुए हैं। मार्टी सुप्रीम के लिए टिमोथी चालमेट, जैक केली के लिए जॉर्ज क्लूनी, वन बैटल आफ्टर अनदर के लिए लियोनार्डो डिकैप्रियो, ब्लू मून के लिए इथन हॉक, नो अदर चॉइस के लिए ली ब्युंग-हुन, बुगोनिया के लिए जेसी प्लेमन्स को नॉमिनेट किया गया है।

## इन डायरेक्टर्स-एक्टर का लिस्ट में शामिल हुआ नाम

83वें गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड की नॉमिनेशन लिस्ट में बेस्ट डायरेक्टर के तौर पर कई निर्देशकों के नाम शामिल हुए हैं। फिल्म वन बैटल आफ्टर अनदर के लिए पॉल थॉमस एंडरसन, सिनर्स के लिए रयान कूगलर, फ्रैंकनस्टाइन के लिए गुइलेर्मो डेल टोरो, इट वाज जस्ट एन एक्सीडेंट के लिए जाफर पनाही, सेंटिमेंटल वैल्यू के लिए जोआचिम ट्रायर और हैमनेट के लिए क्लो झाओ का नॉमिनेशन हुआ है।

## इन लोगों को भी मिला नॉमिनेशन

मोशन पिक्चर कैटेगरी में बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस के तौर पर कई एक्ट्रेस को नॉमिनेट किया गया है। जैसे द स्मैशिंग मशीन के लिए एमिली ब्लंट, सेंटिमेंटल वैल्यू के लिए एली फैनिंग, विकेडः फॉर गुड के लिए एरियाना ग्रांडे, सेंटिमेंटल वैल्यू के लिए इंगा इब्सडॉटर लिलियास, वेपन्स के लिए एमी मैडिगन और वन बैटल आफ्टर अनदर के लिए टेयाना टेलर को चुना गया है। वहीं, मोशन पिक्चर केटेगरी में बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर के लिए बेनिशिया डेल टोरो, जैकब एलोर्डी, पॉल मेस्कल, शॉन पेन, एडम सैंडलर और स्टेलन स्कार्सगार्ड को चुना गया है।

## ये फिल्में रोमांस, कॉमेडी और एडवेंचर से भरी हैं

# सैंटा की इन खास 10 फिल्मों के साथ मनाएं क्रिसमस

*नई दिल्ली। 2025 में क्रिसमस के लिए ओटीटी पर कई सारी नई फिल्में आ गई हैं। ये फिल्में रोमांस, कॉमेडी और एडवेंचर से भरी हैं। इस बार इन 10 मजेदार फिल्मों के साथ मनाएं क्रिसमस। त्योहार की छुट्टियों में परिवार और इन फिल्मों के साथ मनाएं क्रिसमस। इन सभी हॉलीवुड फिल्मों को आप सभी अपने पसंदीदा ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स, प्राइम, डिज्नी+ पर देख सकते हैं।*

**जिंगल बेल हीस्ट :** हॉलीवुड फिल्म 'जिंगल बेल हीस्ट' 26 नवंबर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। यह फिल्म अब ओटीटी पर भी उपलब्ध है। इस फिल्म में दिखाया गया है कि कैसे दो दुकान कर्मचारी क्रिसमस की रात अपने ही स्टोर को लूटने का प्लान बनाते हैं। इस फिल्म में बहुत मजा और रोमांस है। यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

**शैम्पेन प्रॉब्लम्स :** 'शैम्पेन प्रॉब्लम्स' इस साल 19 नवंबर को रिलीज हुई थी। इस फिल्म में एक लड़की पेरिस जाकर शैंपेन कंपनी खरीदना चाहती है, लेकिन उसी कंपनी के मालिक से प्यार हो जाता है। यह एक प्यारी रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है। इसे आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

**ए मेरी लिटिल एक्स-मास :** हॉलीवुड फिल्म 'ए मेरी लिटिल एक्स-मास' की कहानी एक ऐसे परिवार की है, जिसमें तलाक के बाद माता-पिता बच्चों के लिए क्रिसमस साथ मनाते हैं, लेकिन नए पार्टनर आने से मजेदार उलझनें हो जाती हैं। 'ए मेरी लिटिल एक्स-मास' 12 नवंबर 2025 को रिलीज हुई थी। यह नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है।









**माई सीक्रेट सांता :** 'माई सीक्रेट सांता' कहानी है एक सिंगल मॉम और उसकी बाटी की। इस फिल्म में एक मां अपनी बेटी के लिए पैसे कमाने सांता बनती है। इस बीत वहां रिसॉर्ट मैनेजर को उससे प्यार हो जाता है। 'माई सीक्रेट सांता' 3 दिसंबर को रिलीज हुई है। इसे आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

**जॉय टू द वर्ल्ड :** 'जॉय टू द वर्ल्ड' 1 नवंबर 2025 के रिलीज हुई थी। इसकी कहानी काफी दिलचस्प है। एक फेमस लेडी का परफेक्ट फैमिली वाला झूठ पकड़ा जाता है, तो वो अपने बेस्ट फ्रेंड को नकली बॉयफ्रेंड बनाती है। फिर उसे सच में प्यार हो जाता है। 'जॉय टू द वर्ल्ड' को आर डिज्नी प्लस पर देख सकते हैं।

**टायलर पेरी फाइंडिंग जॉय :** 'टायलर पेरी फाइंडिंग जॉय' कहानी है एक फैशन डिजाइनर की। जो जिदगी से परेशान होकर पहाड़ों पर भागती है, वहां बर्फीले तूफान में उसकी मुलाकात एक अजनबी से होती है, जो उसकी खुशी लौटाता है। इसे आप प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं। 'टायलर पेरी फाइंडिंग जॉय' 5 नवंबर 2025 को रिलीज हुई थी।

**क्रिसमस एबव द क्लाउड्स':** 'क्रिसमस एबव द क्लाउड्स' 8 नवंबर को रिलीज हुई थी। इस फिल्म की कहानी एक लड़की की है, जो एक बिजी CEO के साथ प्लेन में फंस जाती है। जिसके बाद उसे क्रिसमस और प्यार का नया मतलब समझ आता है। 'क्रिसमस एबव द क्लाउड्स' को भी ओटीटी पर देख सकते हैं।

**ए वेरी जोनस क्रिसमस :** 'ए वेरी जोनस क्रिसमस' फिल्म जोनस ब्रदर्स की है। इस फिल्म में जोनस ब्रदर्स क्रिसमस मनाने घर जाने की रेस में हैं। यह फिल्म गाने, हंसी और मस्ती से भरपूर है। यह फिल्म बच्चों को बेहद पसंद आएगी। 'ए वेरी जोनस क्रिसमस' 14 नवंबर को रिलीज हुई थी।

## खबर संक्षेप

### उड़ीसा में जबरन अधिग्रहण का किया विरोध

**बहादुरगढ़।** ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह मातनहेल तथा सचिव जयकरण मांडौठी ने उड़ीसा में बीजेपी सरकार द्वारा पातना ब्लॉक के किसानों की जमीन उनकी मर्जी के बगैर जिंदल पोस्को कंपनी को देने की निंदा की। उन्होंने कहा कि जबरन अधिग्रहण का विरोध कर रहे अनेक किसानों को सरकार ने गिरफ़्तार कर जेल में डाल दिया है। महंगाई के इस दौर में किसान थोड़ी सी जमीन पर खेती करके अपने परिवार का पेट भर रहे हैं। वे जमीन से वंचित हो कर बर्बाद हो जाएंगे।

### नालियों की सफाई होने पर मिली राहत

**बहादुरगढ़।** शहर के वार्ड नंबर-24 में राजकीय कन्या स्कूल के निकट नालियों की सफाई होने से स्थानीय निवासियों ने राहत की सांस ली। स्थानीय निवासी गोपाल, विनोद, नैतिक, कमलेश और यशपाल हिंदुस्तानी ने बताया कि सफाई कर्मचारियों ने कई घंटों तक मेहनत करके नालियों से प्लास्टिक, मिट्टी, गाद और कचरे को निकाला। इससे न सिर्फ जलभराव की समस्या खत्म हुई, बल्कि मच्छरों के प्रकोप में भी कमी आएगी। उन्होंने कहा कि नियमित

*दूसरे जिलों के सदस्य भी रखेंगे वर्क सस्पेंड*

# डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसिएशन की मीटिंग में नहीं बनी सहमति

- हड़ताल में रोहतक, गोहाना, सोनीपत, रेवाड़ी, गुरुग्राम, बहादुरगढ़ से करीब 120 कनिष्ठ अभियंता धरने प्रदर्शन में शामिल हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



झज्जर। सिंचाई विभाग परिसर में धरनारत जेई नारेबाजी करते हुए। फोटो : हरिभूमि

सिंचाई विभाग कार्यालय परिसर में चल रही कनिष्ठ अभियंताओं की अनिश्चितकालीन हड़ताल के 16वें दिन भी जारी रही। हड़ताल में रोहतक, गोहाना, सोनीपत, रेवाड़ी, गुरुग्राम, बहादुरगढ़ से करीब 120 कनिष्ठ अभियंता धरने प्रदर्शन में शामिल हुए। डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसिएशन हरियाणा के सीनियर वाईज प्रेसीडेंट जेई विवेक भारद्वाज, सेक्रेटरी जनरल जेई संदीप गुलिया, जिला प्रधान जितेंद्र, उपप्रधान जेई मनदीप मलिक सहित अन्य 15 एसोसिएशन सदस्यों और गठित की गई नई कमेटी के चेयरमैन एक्सईन खिवलेश भारद्वाज, एक्सईन पुनीत साहनी, मैकेनिकल एक्सईन प्रतिभा मुदगिल के बीच मीटिंग मामला नहीं सुलझ पाया। इसके बाद एसोसिएशन द्वारा दी गई पूर्व चेतावनी के साथ रोहतक, चरखी दादरी, भिवानी, महेंद्रगढ़, रेवाड़ी, गोहाना, गुरुग्राम, खरखौदा, सोनीपत, भिवानी के सभी कनिष्ठ अभियंता पूर्ण रूप से वर्क सस्पेंड करके धरना प्रदर्शन में शामिल होंगे। बता दें कि एसोसिएशन द्वारा बीती चार दिसंबर को ज्ञापन दिया गया था कि यदि उनकी मांगें नौ दिसंबर तक पूरी नहीं होती तो वे बुधवार से सभी टेक्निकल, फील्ड, एडमिनिस्ट्रेटिव, प्रोजेक्ट और सुपरविजन एक्टिविटीज को सस्पेंड करेंगे। इसके अलावा पब्लिक के काम जैसे पानी की सप्लाई, सीवरेज, सरकारी बिल्डिंग्स और सड़कों के इंफ्रास्ट्रक्चर का रेगुलर मेंटेनेंस का काम भी बाधित रहेगा।


झज्जर। जहाजगढ़ गांव के स्कूल में विद्यार्थियों को जागरूक करते हुए संस्था सदस्य। फोटो : हरिभूमि

# नाटक के माध्यम से विद्यार्थियों व अभिभावकों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

ब्रेकथ्रू संस्था द्वारा क्षेत्र के गांव गिजाड़ौद, जहाजगढ़, महराना व बिरधाना में बड़ी सी आशा नाटक का आयोजन ग्रामीणों को शिक्षा के महत्व से अवगत कराया गया। संस्था सदस्या ममता मीणा ने कहा कि अक्सर लड़कियों को बारहवीं कक्षा के बाद पढ़ाया नहीं जा जाता।

#### संस्था सदस्यों की सराहना की

उच्च शिक्षा से वंचित रहने के कारण लड़कियां अपने सपनों को पूरा नहीं कर पाती। समाज में लिंगभेद को समाप्त करने के उद्देश्य से उनकी संस्था द्वारा नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। जहाजगढ़ से अध्यापक रविंद्र ने कहा जो कहानी नाटक में दिखाई गई है ऐसा ही हमारे विद्यालय की एक लड़की थी जो आगे पढ़ना चाहती थीं लेकिन उसके अभिभावक उसे कॉलेज नहीं भेज रहे थे। इसके बाद जब संबंधित युवती ने उन्हें समस्या से अवगत कराया तो शिक्षकों ने अभिभावकों को समझाकर उसका दाखिला कॉलेज में दिलाया। कार्यक्रम के दौरान शिक्षिका नीतू व कमलेश ने भी संस्था सदस्यों की सराहना की। इस मौके पर साहिल व पूनम रानी सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

# बॉर्डर हेल रेस में हरीश काजला ने हासिल किया पांचवां स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

राजस्थान की बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स में सेवारत डिप्टी कमांडेट हरीश काजला ने थार रेगिस्तान 100 मील बॉर्डर हेल रेस में पांचवां स्थन हासिल कर प्रदेश का मान बढ़ाया है। बीती 6 से 7 दिसंबर को आयोजित इस अल्ट्रामैराथन में देशभर से करीब 1200 धावकों ने भाग लिया। रेगिस्तान के सबसे मुश्किल क्षेत्र में आयोजित 160 किलोमीटर यह दौड़ ऐतिहासिक युद्ध स्मारक लोंगेवाला पर पहुंच कर समाप्त हुई। डिप्टी कमांडेट हरीश काजला ने यह रेस 18 घंटे 32 मिनट 16 सैकेंड में पूरा करते हुए अपनी जबरदस्त सहनशक्ति, अनुशासन और मानसिक मजबूती का परिचय दिया। इससे पहले वे आयरनमैन कोपेनहेगन 2024 में 3.8 किलोमीटर तैराकी, 180 किलोमटीर साइकिलिंग और 42.2 किलोमीटर दौड़ में भी पदक जीत चुके हैं। उनकी अन्य उपलब्धियों में जहां वे एनडीएम दिल्ली में हुई पर्सनल बेस्ट मैराथन को 3 घंटे 14 मिनट और 32 सैकेंड में जीत चुके हैं वहीं कॉमरेड्स मैराथन, दक्षिण अफ्रीका में बिल रोवन मेडल 8 घंटे 53 मिनट 06 सैकेंड, 100-मील अल्ट्रामैराथन में दो सफल फिनिश, आयरनमैन कोपेनहेगन 2024 पूरा करने वाले पहले सीएपीएफ अधिकारी बनना शामिल है।



झज्जर। मेडल दिखाते हुए डिप्टी कमांडेट हरीश काजला। फोटो :हरिभूमि

### बिजली की लाइनों को भी नहीं छोड़ रहे चोर

**बहादुरगढ़।** इलाके में चोरी के मामले नहीं थम रहे। चोर बिजली की तारों को भी नहीं छोड़ रहे। अब गांव टांडाहेड़ी के निकट 33 केवी की लाइन की तार को चोरों ने निशाना बना लिया। करीब 300 मीटर तार काटकर चुरा ली गई। इसकी कीमत करीब सवा लाख रुपये आंकी जा रही है। इस संबंध में कंपनी अधिकारियों की ओर से पुलिस को शिकायत दे दी गई है। सदर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दरअसल, बिजली आपूर्ति सुधार के लिए इन दिनों नूना माजरा 220 केवी सब स्टेशन से 33 केवी रोहद तक काम चल रहा है।

यह काम सेंचुरी इन्फ्रा पावर कंपनी की ओर से किया जा रहा है। कंपनी में प्रोजेक्ट इंचार्ज मनीष ने कहा कि तीन दिसंबर की रात को यह वारदात हुई। अगली सुबह जब कर्मचारी साइट पर गए तो वारदात का पता चला। टांडाहेड़ी में रजबाहे के पास करीब 300 मीटर तार काटी गई है, जिससे कंपनी को काफी नुकसान हुआ है और काम भी प्रभावित हो गया। उधर, शिकायत के आधार पर सदर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# सेक्टरों की सड़कों की सुध लेने की मांग


बहादुरगढ़। सेक्टर-6 की जर्जर सड़कों की हालत। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

शहर के सेक्टर 6, 2 व 9 की सड़कें बदहाल हैं। टूटी सड़कों और गहरे गड्ढों ने लोगों का आवागमन मुश्किल कर दिया है। कई बार छोटे-बड़े हादसे हो चुके हैं।

पार्षद सत्यप्रकाश छिकारा के अनुसार सेक्टरों के गड्ढे भरने के लिए 45 लाख 51 हजार रुपये लागत का टेंडर अलॉट हो चुका है। लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है। कई बार संबंधित अधिकारियों से शिकायत करने के बावजूद कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। आरडब्ल्यूए के पूर्व प्रधान जयपाल सांगवान ने कहा कि सेक्टरों की सभी सड़कों की तुरंत मरम्मत करवाना बेहद जरूरी है, ताकि लोगों की आवाजाही सुरक्षित हो सके।

### तहसीलदार पर आरोप लगा सीएम से की शिकायत

**बहादुरगढ़।** शहर के जटवाड़ा निवासी नरेंद्र सिंह ने तहसीलदार व संबंधित राजस्व अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए सीएम नायब सैनी को शिकायत भेजी है। आरोप है कि उनकी जमीन की पैमाइश वर्षों से लंबित है, लेकिन अधिकारी जानबूझकर मनमानी कर रहे हैं। नरेंद्र सिंह के अनुसार कई बार लिखित शिकायतें देने और समाधान शिविरों में गुहार लगाने के बावजूद अब तक समस्या का निवारण नहीं हो पाया। उसने 20 दिसंबर 2023 को जमाबंदी व रिकॉर्ड के अनुरूप पैमाईश करने की मांग की थी, लेकिन राजस्व कर्मचारी व तहसीलदार ने कोई कार्रवाई नहीं की। वह संबंधित कार्यालयों के चक्कर लगाता रहा, लेकिन उसका काम अधूरा ही रह गया। नरेंद्र सिंह ने रोष जताते हुए कहा कि वह न्याय के लिए लगातार भटक रहा है और अब अंतिम उम्मीद मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से ही है।


नरेंद्र सिंह

# किसानों ने की बिजली एवं बीज बिल वापस लेने की मांग

## बिलों की प्रतीकात्मक प्रतियां भी जलाई


झज्जर। बिलों की प्रतीकात्मक प्रतियां जलाते हुए किसान संगठन कार्यकर्ता एवं समर्थक। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

- केंद्र सरकार ने हाल ही में बीज बिल 2025 का मसौदा जारी किया

ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने बिजली बिल 2025 व बीज बिल 2025 को वापस लेने की मांग को लेकर शहर के रेवाड़ी बाईपास पर विरोध प्रदर्शन करते हुए बिलों की प्रतीकात्मक प्रतियां जलाई। संगठन के जिला कमेटी सदस्य ओमबीर सिंह ने कहा कि बिजली संशोधन बिल 2025 के कानून बनते ही बिजली उत्पादन और वितरण निजी कंपनियों के हाथों में चला जाएगा। बिजली के दाम दूसरी वस्तुओं की तरह बढ़ने शुरू हो जाएंगे। जिला कमेटी सदस्य संसार सुरहेती ने बिजली बिल लागू होने के साथ ही हर तरह की सब्सिडियों को धीरे-धीरे खत्म कर दिया जाएगा और बिजली जैसी एक जन-उपयोगी सेवा को अधिक से अधिक मुनाफा लूटने की वस्तु में तब्दील कर दिया जाएगा। जिला कमेटी सदस्य किशन छबीली ने कहा कि केंद्र सरकार ने हाल ही में बीज बिल 2025 का मसौदा जारी किया है, जिसमें बीज उत्पादन क्षेत्र को देशी व विदेशी कंपनियों को सौंप देने का प्रावधान है। बीज उत्पादन निजी हाथों में जाने से इनके दामों में भी भारी वृद्धि होगी और इससे खेती की लागत बढ़ जाएगी। पहले ही कर्ज जाल में फंसे किसान तबाह हो जाएंगे। इस मौके पर अजीत सिंह, बंशीलाल, राजकुमार, संजीत, रामफल, हरीश सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

# प्रतियोगिताओं में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा



झज्जर। विजेता प्रतिभागियों के साथ विद्यालय स्टॉफ सदस्य। फोटो : हरिभूमि

- विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

एल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में कक्षा नर्सरी से दूसरी कक्षा व प्राइमरी विंग के विद्यार्थियों के लिए एक दिवसीय स्पोर्ट्स इवेंट्स आयोजित की गई। स्कूल मैनेजमेंट सदस्य जगपाल गुलिया, जयदेव दहिया, अनिता गुलिया, नीलम दहिया, योजित गुलिया, भविष्य दहिया ने मां सरस्वती के समक्ष धूप-दीप कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान 100 मीटर रेस, फुटबाल इन बेकट स्टल रेस, रिले रेस आयोजित की गईं। सबसे पहले कक्षा नर्सरी 100 मीटर रेस में दर्पित, तेजस, दक्षित, विवेन, हनिष्का, रिद्धि, मानवी, यशिका ने प्रथम स्थान पर रहे। केजी कक्षा से 100 मीटर रेस में मुदित, यश्विन, यशश्व, सागर, जैविक डागर, सागर, हिन्ना, मानसी, भूमिका, कक्षा यू केजी से 100 मीटर में पर्व, चिराग, प्रियान, हार्दिक, देविशा, ग्रविता डागर, शिक्षा, हितिका, हनु ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा पहली 100 मीटर रेस में आरव, लविस, मोक्ष, धानवी, हर्षिता, पूर्वी ने प्रथम स्थान लेकर कर गोल्ड मेडल प्राप्त किया। कक्षा दूसरी में कोन हार्डल रिंग रेस में युवी, नमिष, संस्कार, विवान, रमन, नायरा, चित्रांशी, विधि, तन्वी ने प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल जीता। स्कूल प्रबंधक के एम डागर, रविंद्र लोहचब, पिंकी अहलावत, सपना अहलावत ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## विद्यार्थियों को नशे के प्रति जागरूक किया


बहादुरगढ़। विद्यार्थियों को जागरूक करते इंस्पेक्टर सतीश कुमार। फोटो : हरिभूमि

**बहादुरगढ़।** शहर में स्थित सैनी मॉडल स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। निरीक्षक सतीश कुमार ने मुख्य अतिथि के रूप में विद्यार्थियों को शिक्षा, खेलकूद और नशे से दूर रहने के महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। निरीक्षक सतीश कुमार ने कहा कि शिक्षा व्यक्ति के उज्ज्वल भविष्य की कुंजी है और विद्यार्थियों को इसे पूरी निष्ठा के साथ अपनाना चाहिए। उन्होंने बताया कि पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद भी जीवन का आवश्यक हिस्सा है। उन्होंने नशे के दुष्प्रभावों पर बात करते हुए विद्यार्थियों को चेताया कि नशा व्यक्ति की प्रतिभा, स्वास्थ्य और भविष्य को नष्ट कर देता है। उन्होंने सभी बच्चों को नशे से दूर रहने तथा दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने का संदेश दिया।


बहादुरगढ़। भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

### टांडाहेड़ी में हुआ हवन व भंडारा

**बहादुरगढ़।** गांव टांडाहेड़ी में हर वर्ष की भांति मंगलवार को श्रीश्री 1008 स्वामी लीला पूरी महाराज आश्रम में हवन व भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारा व हवन कार्यक्रम में असंख्य संत महात्मा, ग्रामवासी व श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। आश्रम में हुए हवन में मंदिर कमेटी व श्रद्धालुओं ने आहुति डाली। हवन उपरांत हुए भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया।

**सूचना**

मैं, प्रवीण कुमार पुत्र ओम प्रकाश गाँव कसार, तह. बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा बयान करता हूं कि मेरी पुत्री जागृति मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## नियमों के अभाव में लोग कुत्तों को बिना अनुमति गलत तरीके से हटाने जैसी गलतियां कर रहे

# स्ट्रे डॉग्स और एबीसी नियमों को लेकर जागरूकता की जरूरत

- किसी अति हिंसक व रेबीज के शिकार कुत्ते को ही नियमों के हिसाब से शेल्टर में भेजा जा सकता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

शहर की हाउसिंग सोसाइटीज व कॉलोनियों में स्ट्रे डॉग्स से जुड़े मामलों में जागरूकता की कमी सामने आ रही है। नियमों के अभाव में लोग कुत्तों को बिना अनुमति गलत तरीके से हटाने जैसी गलतियां कर रहे हैं, जिससे पशु क्रूरता के मामले बढ़ रहे हैं।

जीव विशेषज्ञों का कहना है कि किसी अति हिंसक व रेबीज के शिकार कुत्ते को ही नियमों के हिसाब से शेल्टर में भेजा जा सकता है। सामान्य कुत्तों को मनमर्जी से कहीं भी छोड़ना उचित नहीं है। एबीसी यानी एनिमल बर्थ कंट्रोल नियमों और पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के अनुसार नसबंदी व टीकाकरण के बाद स्ट्रे डॉग्स को उन्हीं स्थानों पर वापस छोड़ा जाता है, जहां से उन्हें पकड़ा गया। किसी भी सोसाइटी, आरडब्ल्यूए या व्यक्ति को स्वयं कुत्तों को हटाने का अधिकार नहीं है। यह कार्रवाई कानूनन अपराध है। बावजूद इसके, जागरूकता के अभाव में कई स्थानों पर लोग कुत्तों को पकड़कर बाहर छोड़ने जैसी गलती कर रहे हैं। मनजीत, अनीता आदि जीव-प्रेमियों का कहना है कि यदि किसी क्षेत्र में स्ट्रे डॉग्स को लेकर समस्या है, तो आरडब्ल्यूए को नगर परिषद या अधिकृत/विशेषज्ञ संस्था से संपर्क कर कानूनी प्रक्रिया के तहत समाधान करवाना चाहिए। यदि कॉलोनियों या सोसाइटीज में फीडिंग की उचित व्यवस्था हो और डॉग्स का टीकाकरण हुआ हो तो कहीं हद तक डॉग्स बाइट्स में कमी आएगी। नगर परिषद को तमाम नियम कायदों का पालन कर नियमित टीकाकरण और नसबंदी करवानी चाहिए ताकि लोगों की सुरक्षा व पशुओं का संरक्षण, दोनों सुनिश्चित किए जा सकें।


बहादुरगढ़। स्ट्रे डॉग की देखभाल करते जीवप्रेमी। फोटो : हरिभूमि

**SAT KABIR INSTITUTE OF TECHNOLOGY AND MANAGEMENT**
VPO-Ladrawan, Bahadurgarh, Distt- Jhajjar (HR)
Approved by AICTE and Affiliated to MDU, Rohtak
**Walk in Interview on 12.12.2025 at 9:00 am**
For the Following Posts and Courses:-
Prof. in - ME, CE, CSE, ECE, EE, Mgmt & MCA Departments
Asso. & Asstt. Prof. : CE, ME, ECE, CSE, EE, Fire Tech., Maths, Phy, Chem, Eng.
Salary and Qualification as per MDU/AICTE norms. Come with Original Documents, Passport Size Photo, PAN No., Aadhar Card. Submit resume on email i.e. satkabircollege@gmail.com or by hand for more information Contact at -09991187052.
Sd/- (Dr. H.K. Chhillar), Chairman

## खबर संक्षेप



### छोटूराम नगर में 27 लाख में बनेंगी 5 गलियां

**बहादुरगढ़।** मंगलवार को विधायक राजेश जून ने छोटूराम नगर में लगभग 27 लाख रुपए की लागत से बनने वाली 5 नई गलियों के निर्माण कार्य का नारियल फोड़कर शुभारंभ किया। कार्यक्रम में नगर परिषद चेयरपर्सन सरोज राठी, पार्षद राजकुमारी हरिमोहन धाकरे, सुमित ठाकुर भी मौजूद रहे। वार्डवासियों ने विधायक राजेश जून, चेयरपर्सन सरोज राठी व पार्षद राजकुमारी हरिमोहन धाकरे का गर्मजोशी से स्वागत किया। विधायक राजेश जून ने बताया कि विकास कार्यों के लिए उन्होंने डी-प्लान से 2.75 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत कराई थी।

### इनेलो की जिलास्तरीय बैठक कल होगी

**झज्जर।** पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी ओम प्रकाश चौटाला की पुण्यतिथि को लेकर इंडियन नेशनल लोकदल द्वारा वीरवार को एक जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया जाएगा। इनेलो जिलाध्यक्ष सतपाल पहलवान ने बताया कि बैठक में डबवाली से विधायक आदित्य देवीलाल और राष्ट्रीय संगठन सचिव उमेद लोहान मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करेंगे। 20 दिसंबर को पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी ओम प्रकाश चौटाला की पुण्यतिथि मनाई जाएगी। पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में तेजा खेड़ा फार्म हाऊस में कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

### एचडी साल्हावास की टीम ऑल इंडिया में चयनित

**झज्जर।** विकसित भारत बिल्ड्थॉन 2025 जो नीति आयोग, डिपार्टमेंट ऑफ स्कूल एजुकेशन तथा मिनिस्ट्री ऑफ एजुकेशन द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित एक राष्ट्रीय नवाचार प्रतियोगिता है, देशभर के छात्रों में डिजाइन, इनोवेशन और समस्या-समाधान कौशल को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित की जाती है। इस प्रतियोगिता में देशभर के पांच करोड़ विद्यार्थियों और तीन लाख से अधिक स्कूलों की टीमों ने भाग लिया। एच डी ग्रुप डायरेक्टर रमेश गुलिया ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतियोगिता में कुल 10 टीमों का चयन हुआ है, जिनमें एच डी संस्था साल्हावास की टीम कार्तिक जाखड़ और मयंक गर्ग ने 14 दिन का टास्क पूरा किया।

### स्पोर्ट्स मीट में विद्यार्थियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**बहादुरगढ़।** सेंट सोल्जर एमआर पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय वार्षिक स्पोर्ट्स महोत्सव का शुभारंभ हुआ। समारोह की शुरुआत स्कूल निदेशक डॉ. एचएस दहिया व प्राचार्या मधु दहिया ने रंग-बिरंगे गुब्बारे आकाश में छोड़कर की। पहले दिन विभिन्न वर्गों के लिए कई रोमांचक प्रतियोगिताएं हुईं। स्कूल के विद्यार्थियों ने प्रभावशाली मार्च-पास्ट प्रस्तुत किया गया। सभी सदनों के छात्रों ने अनुशासन, तालमेल और आत्मविश्वास का शानदार परिचय दिया।

### हरियाणा टीम के हेड कोच बने सुदर्शन सिंह

**बहादुरगढ़।** गांव लोवा खुर्द के निवासी सुदर्शन सिंह को संतोष ट्रॉफी के लिए हरियाणा सीनियर नेशनल मेन फुटबॉल टीम का हेड कोच नियुक्त किया गया है। ग्रामीण क्षेत्र से राष्ट्रीय स्तर पर कोच के रूप में चयन होने पर गांव में खुशी का माहौल है।



सुदर्शन सिंह दिल्ली पुलिस में कार्यरत हैं और पुलिस सेवा के साथ-साथ गांव में युवाओं को निःशुल्क फुटबॉल कोचिंग देते हैं। उनके मार्गदर्शन में कई खिलाड़ी स्टेट टीम और ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी प्रतियोगिताओं में हिस्सा ले चुके हैं। गांव के सरपंच विनोद जून, कमेटी प्रधान नरेश कुमार सहित ग्रामीणों ने उन्हें बधाई दी। हरियाणा फुटबॉल टीम का कैंप 9 से 13 दिसंबर तक हिसार में सुदर्शन सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित होगा। कैंप के बाद 14 दिसंबर को टीम मेरठ रवाना होगी।

---

**फुटबॉलः फाइनल में पहुंचे अन्नपूर्णा और मंदाकिनी**

# एसआर सेंचुरी स्कूल में चल रहे खेल सप्ताह में विद्यार्थियों ने जमकर बहाया पसीना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

फिट इंडिया खेल वीक के दूसरे दिन एसआर सेंचुरी स्कूल में विभिन्न खेल स्पर्धाएं हुईं। फुटबॉल प्रतियोगिता में अन्नपूर्णा व मंदाकिनी सदन सेमीफाइनल जीत कर फाइनल में पहुंचे। फाइनल बुधवार को होगा। स्कूल निदेशक संजीत राठी व प्रधानाचार्य वीएन झा ने विजेता छात्रों का लगातार उत्साह वर्धन किया। साथ ही भविष्य में भी शानदार प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। स्कूल की सोलधा शाखा में छठी व सातवीं कक्षा के लिए विभिन्न दौड़, फुटबॉल तथा बहादुरगढ़ शाखा में कराटे प्रतियोगिता आयोजित की गई। ये गतिविधियां खेल अध्यापक जहूर, आशीष, हैप्पी, शमशेर, सुमित व मनीष की देखरेख में हुई। सभी कक्षा अध्यापिकाओं ने विद्यार्थियों को सभी खेल नियमों से परिचित करवाया। साथ ही अनुशासन बनाए रखने में सहयोग किया। पांचवीं कक्षा की 100 मीटर रेस में तेजस, लावण्या तीसरे, रजत, हरलीन दूसरे और रक्षित, नीतिक्षा पहले स्थान पर रहे। दो सौ मीटर रेस में प्रवीण, शान्वी तृतीय, यश, रिद्धिमा द्वितीय और अभिनव, अनुपमा प्रथम स्थान पर रहे। चार सौ मीटर रेस में नक्ष, नव्या, परी तृतीय, दक्षेश, परिधि द्वितीय, तनीश, नव्या प्रथम स्थान पर रहे। छठी की 100 मीटर रेस में लड़कों में मिलन तीसरे, ध्रुव दूसरे और वत्सल पहले स्थान पर रहे। लड़कियों की 100 मीटर रेस में दक्षिता तीसरे, कनक दूसरे और दीक्षा पहले स्थान पर रहीं। दो सौ मीटर की लड़कों की रेस में मनन तृतीय, विष्णु द्वितीय और श्रेष्ठ प्रथम स्थान पर रहे। लड़कियों में श्रुति तृतीय, अक्षिता द्वितीय, उर्वी प्रथम स्थान पर रहीं। चार सौ मीटर दौड़ में नैतिक, तीसरे, दिव्यांश दूसरे और दिव्यांश पहले स्थान पर रहे। छात्राओं में पूनम तीसरे, महिमा दूसरे और भूमि पहले स्थान पर रहीं।



बहादुरगढ़। कराटे में दो-दो हाथ करती छात्राएं। फोटो: हरिभूमि

### आराध्या, अंश, वंश व तनीषा ने स्वर्ण पदक अपनी झोली में डाला

कराटे प्रतियोगिता के अंडर-7 में देवांश तीसरे, जीविका, विवान दूसरे, सात्विका, निथरव पहले स्थान पर रहे। अंडर-11 में जसमीत, वाणी, राघवेंद्र, प्रत्यूष ने कास्य पदक, अक्षरा, धैर्य ने रजत और आराध्या, अंश, वंश ने स्वर्ण पदक जीत कर माता पिता का नाम रोशन किया। अंडर-14 में चारुल, रिधिमा ने कास्य, मानवी ने रजत और तनीषा ने स्वर्ण पदक अपनी झोली में डाला। अंडर-17 में अनमोल ने रजत व तेजस ने स्वर्ण पदक जीता।

---

**बंदर पकड़ने की मांग को लेकर नगर परिषद पहुंचे रामनगर वासी**

# आवारा कुत्तों-बंदरों ने बढ़ाई परेशानी रोज औसतन नौ लोग हो रहे शिकार

- नवंबर माह में जानवरों के काटने संबंधी आए 300 मामले
- नवंबर माह में 246 लोगों को आवारा कुत्तों ने बनाया अपना शिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

शहर व आसपास के क्षेत्रों में आवारा कुत्तों और बंदरों द्वारा लोगों पर हमले के चिंताजनक आंकड़े सामने आए हैं। क्षेत्र में आए दिन औसतन करीब 8 लोग जानवरों के काटने का शिकार हो रहे हैं। हालात ये बने हैं कि कुत्तों व बंदरों के अलावा बिल्ली, चूहे, भैंस, गाय जैसे पालतू और आवारा पशुओं द्वारा काटे जाने के मामले भी अस्पतालों तक पहुंच रहे हैं।

शहर के नागरिक भी सड़कों व गली-मौहल्लों में बेखौफ घूम रहे इन कुत्तों व बंदरों से परेशान है। नवंबर माह के आखिरी सप्ताह में शहर के पालिका बाजार व जगदम्बा मार्केट के दुकानदारों व राहगीरों के बीच उस समय भय का माहौल बन गया था जब इस परिसर में रहने वाले एक आवारा कुत्ता ने एक ही दिन में करीब दस लोगों को काट खाया था। पीड़ित लोगों में राहगीरों के अलावा दुकानदार, सफाई कर्मचारी व चौकीदार भी शामिल थे। उस दौरान दुकानदारों ने नगर परिषद अधिकारियों से कुत्ते को पकड़ कर दूर भेजने की गुहार लगाई थी। इसके बाद शहर के राम नगर क्षेत्र में एक बंदर द्वारा जमकर उत्पात मचाया गया। लोगों के अनुसार यह बंदर लोगों पर अचानक हमला बोल देता है। बीते सप्ताह इस बंदर द्वारा कई लोगों व बच्चों को अपना शिकार बनाया। इसका भय इतना बढ़ गया है कि अब लोग घर से बाहर अकेले निकलने में कतराने लगे हैं। बच्चों को भी अकेले बाहर भेजने में उन्हें डर रहता है।



झज्जर। नगर परिषद कार्यालय में बंदर पकड़ने की गुहार लेकर पहुंचे रामनगरवासी। *फोटो : हरिभूमि*

#### नवंबर माह में जानवरों के काटने संबंधी आए 300 मामले

फार्मासिस्ट शालू ने बताया कि बीते नवंबर माह में बंदरों द्वारा काटने के 11, बिल्लियों के 27, कुत्तों के 246 तथा अन्य पशुओं के 16 मामले दर्ज किए गए। ये आंकड़े केवल झज्जर क्षेत्र के नागरिक अस्पताल, बेरी और मातनहेल से जुड़े हैं। स्वास्थ्य विभाग का मानना है कि वास्तविक संख्या इससे कहीं अधिक हो सकती है, क्योंकि कई लोग अस्पताल नहीं पहुंचते या फिर निजी अस्पतालों और दूसरे जिलों में अपना उपचार कराते हैं। इस संबंध में हैरानी की बात यह है कि कुत्ते संबंधी 246 केसों में से 72 लोगों को उनके पालतू कुत्तों द्वारा काटा गया है। उन्होंने बताया कि जानवरों के काटे जाने के मामलों में आयुष्मान कार्ड धारकों व बीपीएल परिवार के लोगों को जहां 0, 3, 7 और 28 दिन के अंतराल पर निःशुल्क टीका लगाया जाता है वहीं अन्य लोगों को एक सौ रुपये की स्लिप कटवानी पड़ती है।

#### बंदर पकड़ने के लिए लगा रखा है टेंडर

नगर परिषद के चेयरमैन जिले सिंह सैनी ने कहा कि बंदर पकड़ने के लिए टेंडर प्रक्रिया चल रही है, जल्द ही टेंडर ओपन कर दिए जाएगे और बंदरों को पकड़ने का कार्य शुरू करवा दिया जाएगा। आवारा कुत्तों को पकड़ने की योजना भी बनाई जा रही है। प्रयास है कि जल्द ही बंदरों और आवारा कुत्तों की समस्या से आमजन को निजात दिलाई जाएगी।

#### बंदर पकड़ने की मांग को लेकर नगर परिषद पहुंचे रामनगर वासी

बंदर के उत्पात से परेशान शहर के रामनगर कालोनी के वासी मंगलवार को नगर परिषद कार्यालय पहुंचे। यहां उपस्थित लोगों ने बताया कि पिछले करीब बीस दिनों से एक बंदर द्वारा उनकी कालोनी में उत्पात मचा रखा है। अब तक वह करीब पच्चीस से अधिक लोगों को अपना शिकार बना चुका है। कालोनीवासी संतोष, सुमित्रा, किरण, बिमलेश, पूजा, गीता, यशवंती, कृष्णा, सुदेश, बिमला, मीना, सूबेदार सुखीराम कादियान, सूबेदार बलजीत, सुरेंद्र, अजय प्रजापति, धर्मपाल, रोहतास आदि ने बताया कि उत्पाती बंदर के हौसले इस कदर बढ़ गए है कि अब वह घर में घुस कर काटने लगा है। काटने के दौरान हुए गहरे घावों के चलते एक छोटा बच्चा व बुजुर्ग महिला शीला अभी तक रोहतक पीजीआई में उपचाराधीन है। कालोनीवासियों की माने तो वे डीसी से लेकर सीएम विंडो तक गुहार लगा चुके हैं। अब वे नगर परिषद सचिव मोहनलाल से मिले हैं। उन्होंने बंदर को शीघ्र पकड़वाने का आश्वासन दिया है।

---

**नेशनल हाइवे पर दर्दनाक हादसा**

## बहादुरगढ़ : कार की टक्कर से स्विमिंग कोच की मौत



दिल्ली शिक्षा विभाग में तैराकी कोच कार्यरत थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

नेशनल हाइवे पर सोमवार रात को दर्दनाक हादसा हो गया। यहां बालोर बाईपास पर तेज रफ्तारी कार और स्कूटी की टक्कर हो गई। हादसे में स्कूटी सवार स्विमिंग कोच की मौत हो गई। कार चालक के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। मृतक की पहचान करीब 32 वर्षीय नवनीत खत्री के रूप में हुई है। नवनीत मूलतः बहादुरगढ़ के कुलासी गांव से थे। पिछले कुछ समय से दिल्ली के नांगलोई में रह रहे थे। दिल्ली शिक्षा विभाग में बतौर तैराकी कोच कार्यरत थे।

#### सोमवार सुबह निकले थे

बहादुरगढ़ की एचएल सिटी में भी खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देते थे। सोमवार की सुबह कोचिंग शेड्यूल के अनुसार घर से निकले। पहले दिल्ली के बजघेड़ा गए और इसके बाद वहां से एचएल सिटी पहुंचे। रात को वह एचएल सिटी से स्कूटी पर सवार होकर घर के निकले। कुछ दूर नेशनल हाइवे के बालोर बाईपास पर पहुंचे ही थे कि तेज रफ्तार कार की चपेट में आ गए। हादसा इतना भीषण था कि दोनों वाहन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए। नवनीत को गंभीर चोट आई। उसे अस्पताल में ले जाया गया तो डॉक्टरों ने मौत की पुष्टि कर दी।

#### जांच में जुटी पुलिस

वहीं, हादसे की जानकारी पाकर मृतक के परिजन अस्पताल की ओर दौड़े। परिजनों के बयान के बाद मंगलवार को पुलिस ने पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया। नवनीत तीन भाइयों में सबसे छोटा था। उसकी मौत से परिजनों व खेल जगत में शोक की लहर दौड़ गई। भाई निखिल ने शिकायत में आरोप लगाया है कि गाड़ी चालक की लापरवाही के कारण हादसा हुआ। हादसे के बाद अपनी गाड़ी छोड़कर मौके से भाग गया। उधर, जांच अधिकारी हरिओम सिंह का कहना है कि केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

---

## शहीद राव तुलाराम को जयंती पर दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

जनकल्याण यादव सभा द्वारा मंगलवार को शहीद राव तुलाराम पार्क में उनकी जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में अमर शहीद राव तुलाराम की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। वक्ताओं द्वारा उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सभा के प्रधान अशोक यादव ने की।

पार्षद रमन यादव ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम में शहीद हुए राजा राव तुला राम के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। उन्होंने बताया कि राव तुलाराम का जन्म 9 दिसंबर 1825 को रेवाड़ी के गांव रामपुरा के यादव परिवार में हुआ था। राव तुलाराम द्वारा 1857 की क्रांति में भागीदारी के कारण अंग्रेजों ने 1857 में उनकी रियासत को जब्त कर लिया था। उन्होंने दिल्ली में विद्रोही सैनिकों की सैन्यबल, धनबल व युद्ध सामग्री से सहायता करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इस मौके पर शिव कुमार यादव, राज सिंह, आनंद प्रकाश, बनवारी लाल, अनिल, जितेंद्र और सतबीर आदि मौजूद रहे।



**बहादुरगढ़।** राव तुलाराम को श्रद्धांजलि देते रमन यादव व अन्य।

## आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए सभी स्वदेशी की तरफ बढ़ेः मोहन बडौली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए सभी को स्वदेशी की तरफ बढ़ना होगा। पीएम मोदी के नेतृत्व में पार्टी ने पूरे देश में हर घर स्वदेशी-घर घर स्वदेशी की मुहिम चलाई हुई है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन बड़ौली ने वर्ल्ड मेडिकल कॉलेज गिरावड़ के सभागार में मंगलवार को मॉक यूथ पार्लियामेंट का शुभारंभ करते हुए यह आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि युवा शक्ति को डिजिटलाइजेशन और तकनीकी युग में स्वदेशी तकनीक को अपनाते हुए आगे बढ़ना है। भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए हर क्षेत्र में स्वदेशी जरूरी है। कार्यक्रम में अतिथियों को माता भीमेश्वरी देवी की प्रतिमा, अमरूद और गुरुकुल का च्यवनप्राश भेंट करते हुए सम्मानित करने पर उन्होंने कार्यक्रम संयोजक युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष आदित्य धनखड़ की स्वदेशी सोच को धरातल पर साकार बताते हुए प्रशंसा की और भविष्य में यह रीति अपनाने का भी आह्वान किया। पीएम मोदी के आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को सिद्धि तक पहुंचाने का आधार है। वहीं भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष योगेंद्र शर्मा ने कहा कि आज का भारत बदला हुआ भारत है। कार्यक्रम का मंच संचालन भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष एवं संयोजक आदित्य धनखड़ किया। यूथ मॉक पार्लियामेंट में अध्यक्ष, पक्ष-विपक्ष की भूमिका भाजपा युवा मोर्चा के सदस्यों ने निभाई और पूरा नजारा देश की संसद की तरह नजर आया।



**झज्जर।** मॉक यूथ पार्लियामेंट के दौरान उपस्थित युवा भाजपा सदस्य एवं अन्य।

---

## खबर संक्षेप

### संस्कारम के विद्यार्थियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**झज्जर।** संस्कारम पब्लिक स्कूल खातीवास के विद्यार्थियों ने गांव खेड़ी खुम्मार के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में हाल ही में आयोजित कानूनी साक्षरता खंड स्तरीय प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन किया है। विभिन्न प्रतियोगिताओं में संस्कारम स्कूल ने कुल छह पुरस्कार जीतकर अपनी कानूनी समझ और रचनात्मकता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। संस्कारम पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने तीन प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान हासिल करते हुए अपना दबदबा बनाया। यह प्रथम स्थान कविता पाठ, स्किट, और पावरपॉइंट वृत्तचित्र की प्रतियोगिताओं में प्राप्त किया गया है। कविता पाठ में विद्यार्थियों ने प्रभावी छंदों के माध्यम से कानूनी जागरूकता को उजागर किया। इसके अलावा, तकनीकी दक्षता और गहन शोध के साथ तैयार किए गए उनके पावरपॉइंट वृत्तचित्र को भी निर्णायकों ने सर्वश्रेष्ठ माना। इसके अतिरिक्त, छात्रों ने दो प्रतियोगिताओं में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा संस्कारम स्कूल ने पीपीटी प्रस्तुति प्रतियोगिता में तृतीय स्थान भी हासिल किया। संस्कारम ग्रुप ऑफ स्कूल्स के चेयरमैन डॉक्टर महिपाल ने होनहार विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।






### सभी स्कूलों को अपलोड करना होगा यू-डाइस पर डाटा

**बहादुरगढ़।** शहर के श्री रामा भारती पब्लिक स्कूल में मंगलवार को यू-डाइस प्लस से संबंधित बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में खंड के 155 सरकारी स्कूलों और 165 निजी स्कूलों को यू-डाइस के डाटा कैप्चर फार्मेट वितरित किए गए। बीईओ शेरसिंह ने डीसीएफ में भरे जाने वाले स्कूल प्रोफाइल, स्कूल फैसिलिटी, टीचिंग व नॉन टीचिंग स्टाफ की जानकारी भरने बारे आवश्यक दिशा निर्देश दिए। खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि इस कार्य को शीघ्र ही पूरा किया जाए। सभी विद्यालयों को अपने संस्थान से जुड़ी सारी जानकारी विभाग को देनी है। सभी स्कूल मुखियाओं को 15 दिसंबर तक यू-डाइस ऑनलाइन भरना अनिवार्य है। यू-डाइस समय पर न भरने वाले स्कूल मुखियाओं के खिलाफ विभागीय कारवाई की जाएगी। मास्टर ट्रेनर जलदीप चाहर ने यू-डाइस डीसीएफ भरने के बारे में विभिन्न स्कूल मुखियाओं को ट्रेनिंग दी। बैठक में प्राचार्या पूनम खत्री, मास्टर ट्रेनर मंदीप दलाल, एमआईएस कोर्डिनेटर सीमा, सहायक अशोक कुमार और एबीआरसी नीलम उपस्थित रही।

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत



**झज्जर।** क्षेत्र के गांव कलोई के नजदीक हुए सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान कलोई गांव निवासी करीब 22 वर्षीय जतिन पुत्र योगेश के तौर पर हुई है। जतिन दादरी तोए क्षेत्र की एक निजी कंपनी में काम करता था। वह मंगलवार की सुबह रोजाना की तरह जब मोटरसाइकिल पर ड्यूटी पर जा रहा था, इसी दौरान बीच रास्ते गुरुग्राम मार्ग पर गांव के ही नजदीक एक ट्रक ने उसकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। जिस कारण वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे। जब जतिन को उपचार के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल लाया जा रहा था तो बीच रास्ते उसने दम तोड़ दिया। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए शव गृह भिजवाया तथा घटनास्थल का मौका मुआयना कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए। परिजनों के अनुसार जतिन अपने माता-पिता का इकलौता पुत्र था। उसके पिता योगेश शहर के एक निजी स्कूल में चालक के रूप में कार्यरत है। मामले के जांच अधिकारी संजय ने बताया कि मृतक के चाचा अमित पुत्र दीवान सिंह की शिकायत पर अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

---

**स्पर्धा** — प्रतियोगिता के अंतर्गत 100 मीटर, 200 मीटर व 400 मीटर रेस व रिले रेस कराई

**सभी विजेता खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया**

# वार्षिक खेल प्रतियोगिता में नीलगिरी सदन के खिलाड़ी ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

तक्षशिला विद्यापीठ बेरी में छठी से बारहवीं कक्षा तक के खिलाड़ियों के लिए वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के अंतर्गत 100 मीटर, 200 मीटर व 400 मीटर रेस व रिले रेस कराई गई। इसके अलावा लेमन स्पून रेस, थ्री लेग रेस, सैक रेस, रस्साकसी, वालीबॉल और कबड्डी का अंतर्सदनीय मैच भी शामिल रहा। सभी विजेता खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। खेल प्रतियोगिता में नीलगिरी सदन को विजेता घोषित किया गया जबकि विंध्याचल सदन के खिलाड़ी द्वितीय रहे। विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए निदेशक हरबीर सिंह डबास, चेयरमैन सुखबीर सिंह डबास व प्राचार्य नसीब सिंह अहलावत ने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी भाग लेने के लिए प्रेरित किया।



**झज्जर।** विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते शिक्षक। *फोटो : हरिभूमि*

### जिला स्तरीय सीनियर महिला मुक्केबाजी प्रतियोगिता आज

**झज्जर।** बुधवार को स्थानीय महर्षि दयानंद खेल स्टेडियम में 22वीं जिला स्तरीय सीनियर महिला मुक्केबाजी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। बॉक्सिंग कोच हितेश देशवाल ने बताया कि प्रतियोगिता में भागीदारी करने वाली महिला खिलाड़ियों को आवश्यक दस्तावेजों के साथ खेल मैदान में पहुंचना होगा। उन्होंने बताया कि आयोजक समिति के अनुसार वेट इन सुबह 6 बजे से 8 बजे तक होगा, जिसमें सभी खिलाड़ियों का वजन निर्धारित समय में ही पूरा किया जाएगा। इसके उपरांत मुख्य मुकाबले सुबह 11 बजे से शुरू होंगे। इस प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों का भार वर्ग 45 से 48 किलोग्राम भार वर्ग, 48 से 51, 51 से 54, 54 से 57, 57 से 60, 60 से 65, 65 से 70, 70 से 75, 75से 80 तथा 80 किलोभार वर्ग से अधिक के खिलाड़ी शामिल रहेंगे।